<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

तिथि 24 अप्रैल 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार : -

- केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों से ग्राम स्तर पर सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का आह्वान किया।
- हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 23 नए सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।
- हरियाणा सरकार कैब एवं राइड शेयरिंग सेवाओं को विनियमित करने के लिए नियामक नीति लाएगी।
- भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी श्यामलाल बंसल ने पंचकूला और राजीव जैन ने सोनीपत नगर निगम के लिए नामांकन दाखिल किया कॉंग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज ने भी पंचकूला मे महापौर पद के लिए नामांकन भरा।
- हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा, वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने कहा कि गांवों, किसानों, पंचायतों और व्यापक ग्रामीण परिदृश्य के समग्र विकास के बिना 'विकसित भारत' की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर श्री बघेल ने कहा कि जमीनी स्तर पर समावेशी विकास राष्ट्रीय प्रगति के लिए आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने कार्यकुशलता और शासन व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) जैसी व्यवस्थाओं ने यह सुनिश्चित किया है कि सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार कम हुआ है।

उन्होंने पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों से ग्राम स्तर पर सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की सटीक निगरानी के लिए 23 नए सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।मुख्य सचिव  अनुराग रस्तोगी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न पहलों की व्यापक समीक्षा के बाद यह जानकारी दी।

बैठक में प्रदूषण में 30-35 प्रतिशत तक कमी लाने के लक्ष्य के साथ बहु-क्षेत्रीय कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष श्री जे. गणेशन ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की सटीक निगरानी के लिए सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन की संख्या जुलाई  तक 29 से बढ़ाकर 52 की जाएगी। इसके लिए मई माह के पहले सप्ताह में टेंडर जारी किए जाएंगे।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार राज्य में संचालित कैब एवं राइड शेयरिंग  सेवाओं को विनियमित करने के लिए शीघ्र ही नियामक नीति लाएगी।

हरियाणा परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू ने बताया कि इससे निजी वाहनों का बड़ा बेड़ा नियामक ढांचे के तहत आएगा और यह सुनिश्चित होगा कि वाहन निर्धारित उत्सर्जन मानकों का पालन करें।

उन्होंने यह भी बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र  के प्रमुख जिलों में डीजल ऑटो लगभग पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं तथा शेष क्षेत्रों में  इस वर्ष 31 दिसंबर तक इन्हें चरणबद्ध तरीके से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि “नया सफर योजना” के

तहत लगभग 1 लाख 90 हजार पुराने ट्रकों और 16,000 बसों को हटाकर बीएस-6, सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया जाएगा। योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन तथा कर में छूट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

-----------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में हरियाणा सचिवालय में महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार पहली बार अंतिम व्यक्ति को निरंतर मजबूत और सशक्त करने का काम कर रही है।

-----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------

भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी श्यामलाल बंसल ने आज पंचकूला मे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी मे अपना नामांकन दाखिल किया इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत मे मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्यामलाल बंसल और 20 पार्षदों ने नामांकन भरा हैं।उन्होंने गरीबों वंचितों किसानों आदि तथा प्रदेश के हर नागरिको को विभिन्न योजनाओं द्वारा दिए जा रहे लाभों का भी जिक्र किया । वहीं रोजगार सृजन के लिए की जा रही विभिन्न भर्तियों के बारे में भी जानकारी दी।

नगर निगम में महापौर पद के लिए काँग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज ने भी आज अपना नामांकन भरा।इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा और पंचकूला से विधायक चंद्रमोहन मौजूद रहे।

------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------

सोनीपतनगर निगम चुनाव के मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने आज निर्वाचनअधिकारी अजय चोपड़ा को अपना नामांकन दाखिल किया। मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने भाजपाप्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली,सोनीपतसे भाजपा विधायक निखिल मदान,गनौरसे निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादयान की उपस्थित में नामांकन सौंपा।

------------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि नारी शक्ति की अपार क्षमता को पहचानते हुए भारत अब धीरे-धीरे महिला सशक्तिकरण से आगे बढ़कर महिला-नेतृत्व वाले विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा जैसे राज्यों में महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्टअप्स में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है, जो महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और उद्यमशीलता की बढ़ती भावना का प्रमाण है। राज्यपाल आज चंडीगढ़ स्थित मेहर चंद महाजन डीएवी महिला कॉलेज के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। छात्रों को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि नवाचार को प्रोत्साहित करने, कौशल विकास को बढ़ावा देने और उद्यमशीलता को सशक्त करने में युवा स्नातकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक होगी।स्नातक होने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।इस अवसर पर राज्यपाल ने संकाय सदस्यों को पीएच.डी. की उपाधियां प्रदान कीं। साथ ही पंजाब विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं  को सम्मानित किया तथा कॉलेज की शोध पत्रिका 'न्यू होरिजन्स' का विमोचन भी किया।

------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------

महिला आरक्षण के लिए आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक के संसद में न पारित होने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने पलवल में प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर फरीदाबाद की मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा,जिला अध्यक्ष विपिन बैसला सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस दौरान फरीदाबाद की महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा -

उन्होंने कहा कि संसद में जब नारी शक्ति के सम्मान के लिए लाया गया विधेयक गिरा, कांग्रेस सहित तमाम इंडी दलों के सदस्यों ने जिस तरह जश्न मनाया वह अशोभनीय ही नहीं था, बल्कि देश की नारी शक्ति का अपमान था।

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------